# कक्षा–12 NCERT भूगोल (भारत – लोग और अर्थव्यवस्था)

## अध्याय–02 (प्रवास | Migration) – नोट्स

**Youtube Channel Name : Siddhi Vinayak Sangaria**

**Channel Link- https://www.youtube.com/channel/UCJlUDM0uPIL7kEO0ZMdDcHg**

**Telegram link - https://t.me/siddhivinayaksangariamukesh (Siddhi Vinayak Sangaria)**

---

**1. निम्नलिखित में से कौनसा भारत में पुरुष प्रवास का मुख्य कारण है?**

(1) शिक्षा (2) व्यवसाय

(3) शिक्षा और रोजगार (4) विवाह

**2. निम्नलिखित में से कौनसा भारत में महिला प्रवास का मुख्य कारण है?**

(1) शिक्षा (2) व्यवसाय

(3) शिक्षा और रोजगार (4) विवाह

**3. निम्नलिखित में से किस राज्य में सर्वाधिक संख्या में आप्रवासी आते हैं?**

(1) उत्तर प्रदेश (2) दिल्ली

(3) महाराष्ट्र (4) बिहार

**4. जीवनपर्यन्त प्रवासी और पिछले निवास के अनुसार प्रवासी में अंतर स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर– भारतीय जनगणना के अनुसार यदि जनगणना के समय किसी व्यक्ति का जन्म स्थान, गणना स्थल से भिन्न है तो उसे जीवनपर्यन्त प्रवासी कहा जाता है।

जबकि किसी व्यक्ति के निवास का स्थान, जनगणना के समय पिछले निवास स्थान से भिन्न है तो उसे पिछले निवास के अनुसार प्रवासी कहा जाता है?

**5. पुरुष/स्त्री चयनात्मक प्रवास के मुख्य कारण की पहचान कीजिए।**

उत्तर– पुरुष चयनात्मक प्रवास का मुख्य कारण काम व रोजगार की तलाश होता है, जबकि स्त्री चयनात्मक प्रवास का मुख्य कारण विवाह होता है, जिसकी वजह से उन्हें दूसरे स्थान पर जाकर निवास करना पड़ता है।

**6. उद्गम और गन्तव्य स्थान की आयु एवं लिंग संरचना पर ग्रामीण–नगरीय प्रवास का क्या प्रभाव पड़ता है?**

उत्तर– ग्रामीण–नगरीय प्रवास से उद्गम स्थान पर प्रौढ (युवा) आयु वर्ग का प्रतिशत घट जाता है तथा लिंगानुपात बढ जाता है जबकि गन्तव्य स्थान पर लिंगानुपात घट जाता है लेकिन प्रौढ आयु वर्ग का प्रतिशत बढ जाता है।

**7. भारत में अंतर्राष्ट्रीय प्रवास के कारणों की विवेचना कीजिए।**

उत्तर– एक देश से दूसरे देश में होने वाला प्रवास अंतर्राष्ट्रीय प्रवास कहलाता है। भारत में अंतर्राष्ट्रीय प्रवास के महत्त्वपूर्ण कारण निम्नलिखित हैं–

1. **आर्थिक कारण–** भारत में बेरोजगारी, गरीबी एवं उच्च स्तरीय शिक्षण संस्थानों की कमी के कारण भारतीयों द्वारा उत्प्रवास किया जाता है जबकि पड़ोसी देशों के निवासी अपनी व्यापारिक गतिविधियों को सम्पन्न करने एवं रोजगार प्राप्ति के लिए भारत में आप्रवास करते हैं।
2. **राजनैतिक कारण–** भारत में लचीली राजनीतिक व्यवस्था के चलते लाखों लोग प्रतिवर्ष पड़ोसी देशों से अवैध रूप से भारत में घुसपैठ करते हैं। इनमें सर्वाधिक संख्या बांग्लादेश, भूटान तथा नेपाल देशों से आने वाले प्रवासियों की होती है जबकि प्रसार संबंधी सुविधाओं के कारण ऑस्ट्रेलिया एवं न्यूजीलैण्ड की ओर जाते हैं।

Youtube Channel : Siddhi Vinayak Sangaria

3. **धार्मिक व सामाजिक कारण—** भारत से लाखों लोग प्रमुख रूप से मुस्लिम समुदाय के लोग खाड़ी देशों में उत्प्रवास करते हैं, जहाँ उन्हें धार्मिक व सामाजिक कारणों से पूर्ण सुरक्षा की अनुभूति होती है।
4. **अन्य कारण—** वर्तमान समय में तकनीकी तथा उच्च शिक्षा प्राप्त लाखों लोग संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय देशों की ओर उत्प्रवास करते हैं।

### 8. प्रवास के सामाजिक व जनांकिकीय परिणाम क्या—क्या हैं?

उत्तर—

**प्रवास के सामाजिक परिणाम—**

1. प्रवास से नवीन तकनीक, परिवार नियोजन, बालिका शिक्षा आदि से जुड़े नये विचारों का प्रसार, नगरीय क्षेत्रों से ग्रामीण क्षेत्रों की ओर आसानी से होता है।
2. प्रवास से विभिन्न संस्कृतियों के लोगों का मिश्रण होता है। इससे एक मिश्रित संस्कृति का जन्म होता है।
3. प्रवास के कारण निम्न आर्थिक स्तर के कुछ लोग हीनता—ग्रसित होकर अपराध तथा नशीले पदार्थों का सेवन जैसे असामाजिक कार्यों से जुड़ जाते हैं।

**प्रवास के जनांकिकीय परिणाम—**

ग्रामीण—नगरीय प्रवास नगरों में जनसंख्या की वृद्धि में योगदान देने वाले महत्त्वपूर्ण कारकों में से एक हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से होने वाले प्रवास में युवा आयु वर्ग की प्रमुखता रहती है जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में लिंगानुपात बढ जाता है तथा नगरीय क्षेत्रों में लिंगानुपात घट जाता है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की जनसंख्या में युवा आयु वर्ग का प्रतिशत घट जाता है जबकि नगरीय क्षेत्रों में युवा आयु वर्ग का प्रतिशत बढ जाता है। उत्तराखण्ड, राजस्थान, मध्य प्रदेश व पूर्वी महाराष्ट्र में होने वाले बाहरी प्रवास ने इन राज्यों की आयु व लिंग सरंचना में बहुत अधिक असंतुलन उत्पन्न कर दिया है।

### 9. भारत में प्रवास के किन्हीं तीन पर्यावरणीय प्रभावों को बताइए।

उत्तर— प्रवास के पर्यावरणीय परिणाम—

1. बड़ी संख्या में लोग ग्रामीण क्षेत्रों से नगरीय क्षेत्रों की ओर प्रवास करते हैं जिससे नगरों में भीड़भाड़ बढ जाती है और आधारभूत ढांचे पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।
2. प्रवास से नगरीय बस्तियों की अनियोजित वृद्धि होती है और गन्दी बस्तियों का निर्माण होता है।
3. प्राकृतिक संसाधनों के अतिदोहन से जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, वाहित मल के निपटान तथा ठोस कचरे के प्रबंधन जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं।

### 10. लोग प्रवास क्यों करते हैं? भारत में प्रवास की चार धाराओं के नाम लिखिए।

उत्तर— लोग सामान्य रूप से अपने जन्म स्थान से भावनात्मक रूप से जुड़े होते हैं किन्तु कभी—कभी प्रतिकर्ष एवं अपकर्ष कारकों के कारण उन्हें प्रवास करना पड़ता है। इस प्रकार मूलभूत सुविधाओं की स्थिति एवं विकास की भावना ही मानव को प्रवास हेतु बाधित करती है।

भारत में प्रवास की चार धाराएं—

1. गांव से गांव की ओर
2. गांव से शहर की ओर
3. शहर से शहर की ओर
4. शहर से गांव की ओर

### 11. मेघालय में स्त्री विवाह प्रवास कानून क्यों भिन्न है?

उत्तर— भारत के अधिकांश राज्यों में स्त्रियों को विवाह के बाद अपने पति के घर जाना पड़ता है लेकिन मेघालय भारत का एकमात्र राज्य है जहां विवाह के बाद पति को अपनी पत्नी के घर आकर रहना होता है।

Youtube Channel: Siddhi Vinayak Sangaria

मेघालय राज्य में खासी, गारो, जयन्तिया जनजातियों में महिला परिवार की मुखिया होती है तथा पारिवारिक संपत्ति के स्वामित्व का उत्तराधिकार माँ के बाद पुत्री को प्राप्त होता है।

**12. प्रवास के अपकर्ष कारक कौन–कौनसे हैं?**

उत्तर– वे कारक जो विभिन्न स्थानों के लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं उन्हें अपकर्ष या आकर्षक कारक कहते हैं। जैसे–

1. रोजगार के अच्छे अवसर
2. नियमित रूप से काम का मिलना
3. अपेक्षाकृत ऊँचा वेतन
4. शिक्षा के लिए अच्छे अवसर
5. अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं
6. मनोरंजन के साधन

**भूगोल के प्रत्येक अध्याय को अच्छे से समझने के लिए**
**सिद्धि विनायक संगरिया यू–ट्यूब चैनल पर आप वीडियो देखें।**
**इसके लिए आपको चैनल की प्ले–लिस्ट NCERT Geography|2021-22|Class 12**
**( https://www.youtube.com/playlist?list=PLIlq5TfwxGWHvzdSsfQhFHa2CUi1JER_A )**
**में अध्यायवार सभी वीडियो एकसाथ मिलेंगे। आप भी पढ़ें और**
**अपने साथियों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करें।**
**धन्यवाद**
**सिद्धि विनायक संगरिया टीम**

Youtube Channel : Siddhi Vinayak Sangaria